वन विज्ञान केंद्र बादामी बाग, लेह में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम की रिपोर्ट

Report on celebration of Van Mahotsav at Van Vigyan Kendra Badami, Bagh, Leh

#प्रकृति#वनमहोत्सव# भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान, शिमला के वन विज्ञान केंद्र बादामी बाग, लेह द्वारा 07, जुलाई 2023 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लेह में वन महोत्सव मनाया, जिसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया । श्री अजय कुमार ने छात्राओं को वन महोत्सव एवं प्रकृति कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी । इसके अलावा उन्होनें छात्राओं को वृक्षरोपण विधि को प्रेक्टिकली बताया । वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सेलिक्स, पॉपुलर व जूनिपर वृक्ष प्रजातियों के 50 पौधों का रोपण किया गया । छात्राओं ने पौधरोपण में गहरी रुचि दिखाई । तत्पश्चात छात्राओं को जूनिपर की नर्सरी तकनीक एवं विभिन्न औषधियों पौधों और पेड़ पौधों के बारे मे जानकारी दी गई । इसके अलावा बादामी बाग, लेह नर्सरी में स्थापित शेड हाउस, भूमिगत पॉली टनल, पॉली हाउस की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री लोकेश कुमार, वन रक्षक एवं श्री आशीष रंजन, वन रक्षक ने सहयोग किया । श्री अजय कुमार ने निदेशक भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान, शिमला के ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की प्रधानाचार्य का धन्यवाद किया ।

कार्यक्रम की झलकियाँ

****